एक नजर में

गौवध वध मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, 4 सितंबर. निशातपुरा पुलिस ने फरार इनामी आरोपी लंबू उर्फ नफीस को गिरफ्तार किया है. तीन हजार रुपए का इनामी आरोपी नफीस गौवंश वध के मामले में फरार चल रहा था. पुलिस के मुताबिक 17 जुलाई को फरियादी लखन यादव ने पुलिस को सूचना दी कि एक ऑटो में गाय का शव मिला है. पुलिस ने गौवंश वध के मामले में पांच आरोपियों अजीज खान, आसिफ, अनीस, जुबेर और इकराम कुरैशी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था. सभी आरोपी अभी जेल में हैं. घटना दिन से ही आरोपी लंबू उर्फ नफीस (44) निवासी करोंद लगातार फरार चल रहा था. पुलिस उपायुक्त जोन-4 ने उस पर 3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. नफीस की लोकेशन मिलने के बाद पुलिस उस तक पहुंची. उसके खिलाफ हनुमागंज थाने में मारपीट का एक प्रकरण पहले से दर्ज है.

युवक से किस्त के नाम पर रुपए छीने

भोपाल, 4 सितंबर. श्यामला हिल्स इलाके में राह चलते एक युवक के साथ बाइक की किस्त के नाम पर जबरन वसूली और उसे धमकाने का मामला सामने आया है. शुक्रवार को पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक उजैफ खान (19) कुम्हारपुरा निवासी है. उजैफ ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले दोपहर के समय वह अपनी बाइक से शाहजहांनाबाद से भदभदा जा रहा था. उजैफ जब पॉलिटेक्निक चौराहे के पास पहुंचा था. तभी बिना नंबर की एक दूसरी बाइक से आए दो अज्ञात युवकों ने उसकी बाइक के आगे बाइक आकर रास्ता रोक लिया. उजैफ का आरोप है कि युवकों ने उससे उसकी बाइक की किस्त बकाया होने और उससे 10 हजार रुपये मांगे. उजैफ ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवकों ने उसकी बाइक छीनने का प्रयास किया और उजैफ के पास रखे नकद दो हजार रुपये ले लिए. आरोपियों ने अपना मोबाइल नंबर उजैफ को देते हुए 12 हजार रुपये जल्द ही देने को कहा. पीड़ित ने घर पहुंचकर मामले की जानकारी परिजनों को दी. आरोपियों के मोबाइल पर परिजनों ने काल किया तो उन्हें फोन पर धमकाया गया. पीडित ने थाने पुहंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई.

ससुराल पहुंचे युवक ने काटी खुद की कलाई

भोपाल, 4 सितंबर. गौतम नगर इलाके में अपनी ससुराल पहुंचे एक युवक ने चाकू उठाकर खुद की कलाई काट ली. उसे अस्पताल पुहंचाया गया. युवक की पत्नी उसके साथ जाने के लिए राजी नहीं थी. इस बात से नाराज होकर उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक युवक हर्ष मांझी ने इलाके में रहने वाली एक महिला से 2024 में लव मैरिज की थी. हर्ष की पत्नी रक्षा बंधन पर मायके गौतमनगर ही गई थी. हर्ष उसे लेने के लिए जब पहुंचा तो पत्नी ने साथ जाने से इनकार कर दिया. इस बाद को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ. आरोप है कि हर्ष ने विवाद के दौरान अपनी सास को जान से मारने की भी धमकी दी. विवाद लगातार बढ़ने के बाद हर्ष ने सभी को धमकाते हुए चाकू से अपनी कलाई काट ली.

तोड़फोड़ और हमले के 5 आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, 4 सितंबर. कोहेफिजा पुलिस ने हत्या के प्रयास और वाहनों पर तोड़फोड़ करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास हथियार भी बरामद कर लिए हैं. साजिदा नगर में जुआ खेलने के दौरान हुए झगड़े के बाद आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर बुजुर्ग महिला पर चाकू से हमला किया था. इस दौरान वहां कई वाहनों की तोड़फोड़ की गई थी. वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है. पुलिस के मुताबिक आरोपियों दानिश खान, अनस खान, शमी कुरैशी, फरहान उर्फ शाहशांह और आजम खान निवासी नूर महल को गिरफ्तार किया है. 30 अगस्त को देर रात आरोपियों का साजिदा नगर में विवाद हो गया था. इसका बदला लेने की भावना से उसी रात करीब 12.30 बजे अपने अन्य 10-15 साथियों के साथ आरोपी हथियार लेकर पहुंचे और वारदात की. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार छुरियां, एक देशी पिस्टल और जिन्दा कारतूस जब्त किए. 31 अगस्त को फरियादिया महिला भूरी बाई ने शिकायत में पुलिस को बताया कि अज्ञात आरोपियों ने उनके घर के सामने वाहनों पर तोड़फोड़ की. उनके मना करने पर छुरी, तलवार, घातक हथियारों के साथ बदमाशों ने उन पर हमला करने का प्रयास किया था.

नि:शुल्क स्वास्थ्य, नेत्र जांच शिविर 6 को

भोपाल, 4 सितंबर. सेवा भारती द्वारा स्वास्थ्य आयाम के तहत ईएनटी, डेंटल चेकअप एवं नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से रविवार को सेवा विद्या मंदिर, गोविंदपुरा सुबह 10 बजे से किया जा रहा है. शिविर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, दवाइयों का वितरण किया जाएगा. साथ ही मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन भी कराए जाएंगे. सेवा भारती के महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह, स्वास्थ्य आयाम प्रभारी राजेश कुमार रमतानी, सुभाष मंडल अध्यक्ष ताराचंद जैन एवं मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है.

महिलाएं मिट्टी से बनाएंगी दस लाख गणेश प्रतिमा, घर-घर होगी स्थापना

सीएम ने माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान का किया शुभारंभ

भोपाल, 4 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान का शुभारंभ किया.

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अभियान की संकल्पना पर केन्द्रित पोस्टर का विमोचन भी किया. परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण की नवाचारी पहल करते हुए 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान चलाया जायेगा.

अभियान में पर्यावरण हितैषी संस्थान नर्मदा समग्र द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदेश के समस्त 313 विकासखण्ड में नवांकुर सखियों को प्रशिक्षित किया जायेगा. प्रशिक्षित सखियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अपने ग्रामों में स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षित कर मिट्टी के 10 लाख गणेश की घर-घर स्थापना कराई जाएगी. अभियान का लक्ष्य 10 लाख गणेश जी की प्रतिमाओं के निर्माण कर 25 लाख लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना है. इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्रीमन एवं परिषद के कार्यपालन निदेशक डॉ. बकुल लाड उपस्थित थे.

श्रीकृष्ण के बाल रूप की झांकी सजाई

भोपाल, 4 सितंबर. संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) के दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर रंगोली, मेहंदी, कृष्ण जीवन दर्शन, गीता के श्लोक वाचन भजन प्रतियोगिता के साथ कृष्ण बाल स्वरूप प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. कार्यक्रम का शुभारंभ सुशील वासवानी, बसंत चेलानी, चन्दर नागदेव, कर्नल नारायण पारवानी, ब्रह्माकुमारी आश्रम से पधारे अरविन्द भाई द्वारा श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना व आरती कर किया गया. ब्रह्माकुमारी आश्रम से पधारी प्रीति बहन एवं संस्कार विद्यालय की पूर्व उपप्रचार्या मीनल नरयानी ने कृष्ण स्वरूप में आए बच्चों में से श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन उन्हें पुरस्कृत किया. दूसरे चरण में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा ने झांकी का उद्घाटन किया.

सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई जन्माष्टमी

भोपाल. सरस्वती विद्या मंदिर, ई-4 अरेरा कॉलोनी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भालचंद्र रावले, शशिकांत फड़के, महेंद्र भगत, प्रभात, महेश शर्मा, कांतीलाल चतर एवं ओ.पी. द्विवेदी सहित द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, रासलीला और विभिन्न लीलाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां एवं नृत्य प्रस्तुत किए.

स्कूल-कॉलेजों में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

भोपाल, 4 सितंबर. शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय और वर्ल्डवे इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी मनाई गई. महाविद्यालय में पूजन और वंदना के बाद विद्यार्थियों ने कृष्ण के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. प्राचार्या डॉ. कलावती कोरी ने विद्यार्थियों से कर्म, सत्य, अनुशासन और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया. बलराम जयंती पर डॉ. राजीव चौबे ने कृषि और भारतीय परंपरा में उसके महत्व की जानकारी दी. वर्ल्डवे स्कूल में जन्माष्टमी के साथ ग्रैंडपेरेंट्स डे भी मनाया गया. गुरु मंजू मणि हतवलने के निर्देशन में भरतनाट्यम प्रस्तुतियां हुईं. तनिष्का हतवलने ने यशोदा और बालकृष्ण के संबंध को नृत्य के माध्यम से दर्शाया. विद्यार्थियों ने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया.

सीलिंग मामले में मुकेश नायक ने उठाए सवाल

विशेष संवाददाता

भोपाल, 4 सितंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने भोपाल में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ चल रही सीलिंग कार्रवाई और पिछले 21 वर्षों से लंबित मास्टर प्लान को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि आज उत्पन्न संकट वर्षों से स्पष्ट शहरी एवं आवासीय नीति नहीं होने का परिणाम है.

मुकेश नायक ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद शहर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में संचालित दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है. इससे वर्षों से व्यापार कर अपने परिवारों का भरण-पोषण करने वाले व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है.

> कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार के समक्ष दस सवाल रखते हुए पूछा कि भोपाल का मास्टर प्लान 21 वर्षों से लंबित क्यों है और शहर के विस्तार के अनुरूप पर्याप्त व्यावसायिक क्षेत्र क्यों विकसित नहीं किए गए. उन्होंने 60 और 80 फीट चौड़ी प्रमुख सड़कों पर व्यवसायों के संबंध में स्पष्ट नीति तथा सीलिंग से प्रभावित लोगों के आर्थिक नुकसान की जवाबदेही तय करने की मांग की.

पाटिल समाज का सम्मान समारोह कल

नवभारत न्यूज

भोपाल, 4 सितंबर. महाराष्ट्रीयन कुनबी पाटिल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को हिंदी भवन के महादेवी हॉल में होगा. कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा.

समारोह में कक्षा 5वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ खेल, संगीत, कला और अन्य क्षेत्रों में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा. समाज अध्यक्ष के. बी. पाटिल ने बताया कि प्रतिभाओं को शील्ड, मेडल और प्रशस्ति-पत्र दिए जाएंगे. सम्मानित विद्यार्थियों का फोटो सहित परिचय समाज की वार्षिक पुस्तिका 2026-27 में प्रकाशित किया जाएगा. समारोह में प्रदेश के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, राज्यमंत्री कृष्णा गौर उपस्थित रहेंगी.

नर्सिंग कांउसिल के बाहर धरने पर डटे छात्र

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 4 सितंबर . छात्र संगठनन एनएसओ द्वारा नर्सिंग काउंसिल पर 28वें दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया.

संगठन के गोपाल पाराशर ने कहा कि जब तक छात्रों के हित में रुकी हुई परीक्षा और रिजल्ट जारी करने पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, प्रदर्शन जारी रहेगा. इस दौरान संगठन ने काउंसिल द्वारा अभी भी 2026- 27 सत्र में भी फर्जी मान्यता देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले सत्रों के छात्र 6 साल से भटक रहे हैं लेकिन फिर भी पुराने 2020,2021,2022 के सत्रों के छात्रों की रिजल्ट, परीक्षा, स्कॉलरशिप, जैसी समस्याओं का समाधान नहीं किया है. नर्सिंग कॉलेजों में कई दर्जन सरकारी नौकरी में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ के दस्तावेज लगे पाए जाने के बावजूद सत्रमान्यता प्रदान कर दी गई है. और बाकी बचे कॉलेजों को भी मान्यता देने की तैयारी की जा रही है मान्यता के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म में लगभग 6 दर्जन से ज्यादा सरकारी नौकरी में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ के दस्तावेज नर्सिंग कॉलेजों में लगे पाए गए. पर मान्यता रद्द नहीं की जा रही है. संगठन ने रजिस्ट्रार और नर्सिंग संचालक बीनू कुशवाहा को हटाने की मांग भी की है.

मानव संग्रहालय में कार्यशाला कल से

भोपाल, 4 सितंबर. राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 6 सितंबर को मिट्टी से श्री गणेश प्रतिमा बनाने की नि:शुल्क कार्यशाला आयोजित की जाएगी. श्यामला हिल्स स्थित संग्रहालय में कार्यशाला सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी. संग्रहालय के निदेशक प्रो. डॉ. अमिताभ पांडे ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण देना है. संग्रहालय के मूर्तिकार शिवम कुमार आर्टिस्ट प्रेरणा शर्मा प्रतिभागियों को मिट्टी चुनने, उसे तैयार करने, प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण देंगे.

विहिप, बजरंग दल बैठक में बनी रणनीति

भोपाल, 4 सितंबर. विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला नया भोपाल की बैठक शुक्रवार को हुई. बैठक में मुख्य रूप से विहिप भोपाल विभाग संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत उपस्थित थे. बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस के कार्यक्रम प्रत्येक इकाई स्तर पर सम्पन्न हों, इसके लिए समस्त प्रखंडों में बैठकें तय की गईं. इकाई स्तर पर कार्यक्रमों की योजना तैयार की गई. बैठक में बजरंग दल प्रांत टोली सदस्य नीरज प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष जीवन मालवीय, ज्योत्सना श्रीवास्तव, मनीष कारा, अजय मीणा, जिला मंत्री मोहित सोनी, जिला सह मंत्री गुलशन प्रजापति, सहमंत्री दौलत सिंह कुशवाहा, जिला संयोजक रोहित श्रीवास, सह संयोजक सचिन शर्मा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका दिशा कुशवाहा उपस्थित रहीं.

निशानेबाजी में पुलिस कर्मचारी राकेश ने जीता रजत पदक

विशेष संवाददाता

भोपाल, 4 सितंबर. मध्य प्रदेश पुलिस के लिए एक बार फिर गौरव का अवसर सामने आया है. पुलिस मुख्यालय, भोपाल में निज सहायक के पद पर पदस्थ राकेश कुमार कुशवाह ने राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है.

राकेश कुमार कुशवाह ने जबलपुर में 20 से 26 अगस्त तक आयोजित 13वीं एमपी स्टेट गन फॉर ग्लोरी शूटिंग प्रतियोगिता-एनआर में 10 मीटर पिस्टल मास्टर मेन्स व्यक्तिगत स्पर्धा में दूसरा स्थान प्राप्त किया. उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ग्वालियर जिला राइफल एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व किया. पुलिस विभाग के लिपिकीय संवर्ग से जुड़े राकेश कुमार कुशवाह वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में निज सहायक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं. व्यस्त कार्यालयीन जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने नियमित रूप से निशानेबाजी का अभ्यास जारी रखा और अपनी लगन एवं मेहनत के बल पर राज्य स्तरीय सफलता हासिल की.

उनकी इस उपलब्धि से मध्य प्रदेश पुलिस में मौजूद खेल प्रतिभाओं को नई पहचान मिली है. यह सफलता अपने नियमित शासकीय दायित्वों के साथ खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने वाले अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी.

23 से चलेगी हापा-नाहरलागुन ट्रेन

भोपाल, 4 सितंबर. रेलवे प्रशासन ने ट्रेन संख्या 09525/ 09526 हापा-नाहरलागुन- हापा साप्ताहिक स्पेशल को नियमित किया गया है. अब यह ट्रेन संशोधित ट्रेन संख्या 19525/19526 हापा-नाहरलागुन-हापा साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में भोपाल मंडल से संचालित होगी. ट्रेन संख्या 19525 हापा-नाहरलागुन साप्ताहिक एक्सप्रेस की नियमित सेवा 23 सितंबर से प्रत्येक बुधवार हापा से तथा ट्रेन संख्या 19526 नाहरलागुन-हापा साप्ताहिक एक्सप्रेस की नियमित सेवा 26 सितंबर से प्रत्येक शनिवार नाहरलागुन से प्रारंभ होगी. ट्रेन संख्या 19525 हापा-नाहरलागुन साप्ताहिक एक्सप्रेस हापा से बुधवार को 00:40 बजे प्रस्थान कर निर्धारित मार्ग से होते हुए भोपाल मंडल के ब्यावरा-राजगढ़, रुठियाई, गुना एवं शिवपुरी स्टेशनों पर ठहरेगी. वहीं वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 19526 नाहरलागुन-हापा साप्ताहिक एक्सप्रेस भी इन स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करेगी. ट्रेन से ब्यावरा-राजगढ़, रुठियाई, गुना एवं शिवपुरी क्षेत्र के यात्रियों को देश के पश्चिमी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों के बीच नियमित रेल संपर्क की सुविधा मिलेगी. यह ट्रेन दोनों दिशाओं में राजकोट, वांकानेर, सुरेंद्रनगर, अहमदाबाद, नाडियाड, आनंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा-राजगढ़, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, बरसोई, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड, रंगिया, उदलगुरी, हारमती स्टेशनों पर ठहरेगी.

कार्यालय नजूल अधिकारी, नजूल शहर वृत्त, भोपाल

क्रमांक / 277 /271/ रीडर/2026 **भोपाल, दिनांक 01/09/2026**

प्रकरण क्रमांक- 28/अ-20(5)/2026-27

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नगर निगम भोपाल को सम्प टैंक (भू-स्तरीय टंकी) हेतु ग्राम शहर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 846 रकबा 2.64 हैक्ट. में से 0.09 हैक्ट. भूमि का नगर निगम भोपाल के पक्ष में आवंटन / हस्तांतरण चाहा गया है.

उपरोक्त भूमि नगर निगम भोपाल को आवंटन / हस्तांतरण किये के जाने संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इश्तहार जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर समक्ष में प्रस्तुत कर सकता है. नियत समयावधि उपरांत आवेदन या आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 01/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी.

नजूल अधिकारी
शहर वृत्त, भोपाल

सील

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/ सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सह-देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.... रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री कमलेश यादव श्रीमती मीना यादव मिल्क ट्रैक्टर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10925811)	पटवारी हल्का संख्या 31, खसरा संख्या 145, ग्राम मताजपुर, तहसील विचोली, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश 460330 की पूरी संपत्ति. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 900	रुपये 455395/- (रु. चार लाख पचपन हजार तीन सौ पिच्यानवे मात्र)	08/05/2026	02/09/2026
श्री सत्यनारायण चौधरी श्री रामकिशन चौधरी श्रीमती स्वर्णलता चौधरी ऑटो ड्राइंग (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10417247)	सर्वेक्षण संख्या 166/4, जामथी, बैतूल, मध्य प्रदेश 460001 में स्थित संपत्ति का वह भाग. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 900	रुपये 374271/- (रु. तीन लाख चौहत्तर हजार दो सौ इकहत्तर मात्र	08/05/2026	01/09/2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन-2, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011/या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- भोपाल, दिनांक- 5-9-2026 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

फोन: +91 44 4564 4000, फैक्स: +91 44 4564 4022

सार्वजनिक सूचना
स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से सोने के आभूषण गिरवी रखकर ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया है और बार-बार याद दिलाने और नोटिस देने के बावजूद, उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपने बकाया देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं. तद्नुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अपने देय राशि की वसूली के लिए **07-अक्टूबर-2026 से 09-अक्टूबर-2026** तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा. उधारकर्ताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली तिथि से पहले लागू प्रासंगिक ब्याज, शुल्क और खर्चों के साथ संपूर्ण बकाया राशि चुकाने का यह अंतिम अवसर है, ऐसा न करने पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नियामकों द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नीलामी के माध्यम से बेच दिया जाएगा.

ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
176931986	मयंक नामदेव	आरएसी भोपाल लोन सेन्टर
178571891	माला नामदेव	आरएससी भोपाल लोन सेन्टर
180944409	शेख अफराज	होशंगाबाद रूरल
180220075	ऋषभ गौर	हरदा रूरल
180513676	मोहनिश मिश्रा	भोपाल

नीलामी की स्थिति में यदि इस नीलामी से कोई अतिरिक्त राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई कमी/घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी अनुसूची को अपने विवेक से बाद की तारीख में संशोधित करने या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है. नीलामी भौतिक माध्यम से उसके पैनल में शामिल नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित की जाएगी. यदि ग्राहक मृत है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नामांकित व्यक्ति/कानूनी वारिस पर लागू होंगी.

नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. संबंधित सोने के आभूषणों की बिक्री **'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर होगी.
2. इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के पास पंजीकरण कराना होगा और केवाईसी आवश्यकताओं का पालन करना होगा.
3. बोली जमा करने से पहले आभूषणों और उनके विवरण के बारे में खुद को आश्वस्त करना और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी. बोलीदाता शाखा प्रबंधक के परामर्श से आभूषणों का निरीक्षण कर सकता है.
4. उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी.
5. सफल बोलीदाता को निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर पहले से जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी.
6. एक बार बेचे जाने के बाद गोल्ड पाउच किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किए जा सकते हैं और विजेता बोलीदाता/क्रेता द्वारा भौतिक रूप से सौंपे जाने के बाद विक्रेता की किसी भी प्रकृति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.
7. बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि के पास बिना किसी पूर्व सूचना या कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या नीलामी को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है.
8. बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है.

दिनांक: 05-09-2026 **हस्ताक्षर/-**

स्थान: मध्य प्रदेश **अधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के लिए**

टेनिस टीटी नगर स्टेडियम में 5 से 10 अक्टूबर तक आयोजित होगी प्रतियोगिता

डीपीएस कोलार के 4 खिलाड़ी चयनित

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 4 सितंबर. टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) डिविजन स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोलार रोड के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया.

स्कूल के चारों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपने मुकाबले जीतकर राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया. राधा माहेश्वरी, वारी पाटणकर, धानी तिवारी और अयांश सोनी अब इंदौर में होने वाली एसजीएफआई राज्य स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे. यह प्रतियोगिता 5 से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जाएगी. स्कूल प्रबंधन ने बताया कि खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास और बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की है. कोच नावेद खान ने खिलाड़ियों की तैयारी में मार्गदर्शन किया. विद्यालय की ओर से चारों खिलाड़ियों और डीपीएस कोलार लॉन टेनिस टीम को शुभकामनाएं दी गईं. स्कूल प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करेंगे.